हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 9 जुलाई 2025
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 बैठक में मनरेगा योजनान्तर्गत पूर्व वर्ष के...

07 इमाम हुसैन की याद में मुस्लिम समाज ने मनाया...


## खबर संक्षेप में



### गरीब परिवार की महिलाओं को राशन वितरण किया

**नलखेड़ा।** तितली सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मंगलवार को गरीब परिवार की महिलाओं को राशन वितरण किया गया। तितली सोशल वेलफेयर सोसायटी उज्जैन द्वारा ऐसे गरीब परिवार की महिलाओं को आटा दाल चावल सोयाबीन तेल मसाला उपलब्ध कराया गया। महिलाओं ने खुशी जाहिर की ओर संस्था के लिए दुआ की गई कि महाकाल बाबा आप की संस्था को बहुत आगे ले जाए। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष पूजा कुमावत, टीना चितोड़िया, कोषाध्यक्ष कल्पना, गंगा, इंद्रा, राधा व संस्था का स्टाप मौजूद रहा।

### राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन उज्जैन में 10 जुलाई को होगा

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राष्ट्रीय मछुआ दिवस पर 10 जुलाई को राज्य स्तरीय निषाद राज सम्मेलन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर उज्जैन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 22.65 करोड़ रूपये की लागत के 453 स्मार्ट फिश पार्लर, 40 करोड़ रूपये लागत से बन रहे अत्याधुनिक अन्डर वाटर टनल सहित एक्वापार्क और 91.80 करोड़ रूपये की लागत से इंदिरा सागर जलाशय में 3060 केजेस के माध्यम से मत्स्य उत्पादन से वृद्धि एवं रोजगार सृजन का वर्चुअली भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 430 मोटर साइकिल विद आइस बॉक्स के स्वीकृति पत्र एवं 100 यूनिटस का वितरण, 396 केज के स्वीकृति पत्र का प्रदाय, फीडमील के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का प्रदाय एवं उत्कृष्ट कार्य कर रहे मछुआरों एवं मत्स्य सहकारी समितियों को पुरस्कार वितरण करेंगे।

### धार्मिक अनुष्ठानों के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा पर्व

# प्राचीन बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर पर गुरु पूर्णिमा पर उमड़ेगी आस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





नगर के प्राचीन पाण्डवकालीन श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर गुरुवार को गुरू पुर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर एक दिवसीय मेला लगेगा। इसमें नगर सहित अंचलों से हजारों की संख्या में भक्त श्रद्धा के साथ भाग लेकर अंजनीपुत्र के दर्शन कर महाआरती में भाग लेगे। पूर्णिमा पर्व को लेकर हनुमान प्रतिमा को चोला चढ़ाकर विशेष रूप से श्रंगार कर मंदिर व परिसर को आकर्षक रोशनी से जगमगाया गया है। नगर से पूर्व दिशा की ओर 2 किमी दूर ऊंची पहाड़ी पर स्थित श्री बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर है। जहां आषाढ़ सुदी पूर्णिमा के दिन एक दिवसीय धार्मिक मेले का आयोजन होगा।

#### पत्थरों के नीचे से निकलते हैं बिच्छु

इस चमत्कारी स्थल पर जिस उंची पहाडी पर मंदिर स्थित है। गुरू पुर्णिमा के दिन इस पहाड़ी पर पत्थरों के नीचे बिच्छु निकलते है जो किसी को भी नही काटते है। दर्शनार्थ पहुचने वाले भक्त इन बिच्छुओं को जहां आपस में लड़ाते है वहीं माचिस की डिबीयो में बंद कर नगर में भी ले आते है। इस देवस्थान पर हिन्दुओं के साथ-साथ मुसलमान भी पूरी श्रद्धा रखते है। मंदिर परिसर में अभक्ष्य पदार्थ आदि लेकर प्रवेश वर्जित है।

#### राजा नल द्वारा स्थापित है प्रतिमा

बल्ड़ावदा गांव के नाम से विख्यात मंदिर में द्वापरकालीन विशालकाय मूर्ति प्रतिष्ठित है। प्रसिद्ध पुरातत्ववेत्ताआ जिसमें विष्णु श्रीधर वाकणकर, उज्जैन के अनुसार उस काल में हनुमान जी की प्रतिमाएं इसी आकार व स्वरूप में प्रतिष्ठित की जाती थी। इस मंदिर को लेकर यह भी प्रमाण मिलता है कि जब राजा नल विपत्तियों में थे तो भगवान श्री कृष्ण ने अवन्तिका नगरी से 40 कोस दूर पूर्व दिशा की और लक्ष्मणा नदी के किनारे स्थित मॉ बगलामुखी की आराधना करने का परामर्श दिया था। तब राजा ने अपना मुख्य स्थान श्री बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर एवं मॉ बगलामुखी मंदिर के मध्य रखा था। राजा नल तब प्रतिदिन दोनों स्थानों पर साधना करते थे। इसी स्थान पर मेले की परम्परा संकड़ो वर्षो से चली आ रही है।भक्तों की मान्यता है कि जो भी मन्नत यहां मांगी जाती है वह अवश्य पूर्ण होती है। वर्षाकाल के दिनों में उक्त स्थान अत्यंत मनोरम दिखाई देता है।

#### पहाड़ी के नीचे है खोखलापन

श्री बल्ड़ावदा मंदिर जिस पहाड़ी पर स्थित है, उसके बारे में किंवदंती है कि किसी समय प्राकृतिक उथल-पुथल से उक्त खेड़ा (गांव) भूमिलीन हो गया था। नगर के बडे-बुजुर्गों के अनुसार सेकडों वर्ष पूर्व नलखेडा नगर इसी स्थान पर बसा हुआ था। उस समय आयी धूलकोट (भूकम्प) आया था, जिसमें सम्पूर्ण नगर दब गया था। यह मंदिर किसी उंचे स्थान पर स्थित था। इस लिये मंदिर का उपरी हिस्सा शेष रह गया होगा। जहां आज भी पहाड़ी पर कई स्थानों पर छोटा सा पत्थर फेंकने पर भयंकर गूंजती ध्वनि निकलती है, जो सिद्ध करती है कि पहाड़ी के नीचे खोखलापन है। मंदिर के निर्माण कार्य के दौरान यहां से प्रचीन मुद्राएं भी निकली थी, जो आज भी जिला कोषालय में जमा है। पहाड़ी के नीचे अपार भंडार भी बताया जाता है।

#### नहीं कर सकते खुदाई

प्रचलित किंदवंतियों को ध्यान में रखते हुए कुछ लोगों द्वारा इस स्थान पर खुदाई कर धन निकालने का प्रयास भी किया गया। लेकिन कोई भी यहां पर से धन निकालने के मकसद में सफल नहीं हो पाये। यहां तक कि खुदाई कार्य भी नहीं कर पाये। जिस व्यक्ति द्वारा भी ऐसा प्रयास किया गया, हनुमान जी के चमत्कार से वह व्यक्ति उसके बाद इस लायक भी नहीं रहा कि वह चल-फिर सके। बताया जाता है कि कुछ लोगों की तो खुदाई के दौरान ही अचानक मौत हो गई। इसके बाद किसी के भी द्वारा यहां पर खुदाई का प्रयास नहीं किया गया।

#### दीपावली की रात्रि में निकलती थी ज्योत

नगर में ऐसे कई बुजुर्ग मौजूद हैं जिनके अनुसार मंदिर से दीपावली की रात्रि में ज्योत निकलती थी, जो मां बगलामुखी मंदिर एवं नदी में स्थित मां पूतलादेवी के स्थान की परिक्रमा लगाकर वापस मंदिर तक आती थी।


#### पर्यटन विभाग ने करवाया कायाकल्प

मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा नलखेड़ा को धार्मिक पर्यटन नगरी घोषित किए जाने के बाद इस स्थान का भी कायाकल्प होकर यहां लाखों रूपये के विकास कार्य करवाए गये हैं। वर्तमान में इस मंदिर की व्यवस्था व देखरेख का कार्य यहां विराजित महामण्डलेश्वर श्री 1008 सन्त रामचन्द्रदास जी महाराज के द्वारा की जा रही है। शासन द्वारा यहा पर मांगलिक भवन भी भक्तों के लिये बनाया गया है। नगर से 2 किमी दूर स्थित इस पौराणिक स्थल पर पर्यटन विभाग द्वारा सौंदर्यीकरण करवाए जाने के बाद यह मंदिर आकर्षक व भव्य हो गया है तथा इस पहाडी पर जन सहयोग व नगर परिषद द्वारा करवाए गये पौधारोपण कार्य के बाद वर्षा काल के मौसम में यह पहाडी स्थल अपनी प्राकृतिक सौंदर्यता की छटा बिखेर रहा है। यहां से सायं काल के समय डूबते सूर्य की किरणें जब इस पहाड़ी पर गिरती है तो यहां का दृश्य मनमोहक होकर अलोकिक दिखाई देता है। नगर परिषद सीएमओ बाबूसिंह राजपूत ने बताया कि पूर्णिमा पर्व पर लगने वाले एक दिवसीय मेले को लेकर परिषद के कर्मचारियों द्वारा खाली पड़े मैदान पर मुरम डलवाकर समतल किया जाकर साफ सफाई की गई, साथ ही उन्होंने बताया कि आने वाले श्रद्धालु को परिषद की तरफ से प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा।

## वार्ड क्रमांक 4 में गंदगी का साम्राज्य, बदबू व मच्छरों से रहवासी हो रहे बीमार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर के वार्ड क्रमांक 4 पीलवास कॉलोनी में गंदगी का साम्राज्य है। जिससे उठने वाली बदबू व मच्छरों से रहवासी व दुकानदार बीमार हो रहे है। जिसकी शिकायत 181 पर की जाने के बाद भी नगर परिषद द्वारा आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले स्वच्छता अभियान की धज्जियां स्थानीय नगर परिषद द्वारा कैसे उड़ाई जा रही है इसका सबसे बड़ा उदाहरण नगर के वार्ड क्रमांक 04 पीलवास कॉलोनी के खुले मैदान में लगे कचरे के ढेर है।

क्षेत्र के रहवासी व दुकानदार अंकित राठौर, गणेश बैरागी, दीपक बैरागी, सलमान, अंकित पारख, मनोज राठौर, विजय टेलर आदि ने बताया कि नगर परिषद के कर्मचारी पूरे नगर का कचरा इक्कठा कर यहां डाल रहे है जिससे यहां रहने वाले परिवार जन इस गंदगी के कारण बहुत परेशान व गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सफाई दरोगा व वार्ड पार्षद को शिकायत की गई लेकिन इस समस्या का स्थाई निराकरण आज तक नहीं हुआ है।

रहवासियों ने बताया कि बारिश के मौसम में मैदान में पड़ा कचरा गिला हो जाने व पूरे ग्राउंड में कीचड़ जमा हो जाने से बहुत गंदी बदबू उठ रही है एवं मच्छर उत्पन हो रहे है। अंकित राठौर ने बताया कि उनके द्वारा हेल्प लाइन 181 पर भी इसकी शिकायत की जा चुकी है लेकिन इसका आज तक कोई निराकरण नही किया गया है। रहवासियों ने उक्त मैदान की समुचित सफाई करवाकर यहाँ नगर परिषद कर्मचारियों के द्वारा कचरा फेंकने पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि नगर परिषद नगर को साफ व स्वच्छ बनाये रखने की अपील आमजन से तो करती है लेकिन अपने ही कर्मचारियों द्वारा नगर में फैलाई जा रही गंदगी को नही रोक पा रही है। निश्चित रूप से नगर में जिस प्रकार से स्थान स्थान पर कचरे व गंदगी के ढेर लगे हुए हैं उससे नगर स्वच्छता के स्थान पर गंदगी में नंबर वन बन सकता है।

## पूर्णिमा पर नागेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ धाम पर होंगे आयोजन




**नलखेड़ा।** पूर्णिमा पर ग्राम लालूखेड़ी में स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम पर भगवान पार्श्वनाथजी का पूजन, अभिषेक के साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जावेगे।नगर से 9 किलोमीटर दूर आमला नलखेड़ा मार्ग पर स्थित प्राचीन श्री जालेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम पर 10 जुलाई पूर्णिमा के दिन भगवान पार्श्वनाथ जी का पूजन, अभिषेक का कार्यक्रम होगा। प्रातकाल मंदिरजी में परमात्मा का अभिषेक तथा पूजन, आरती होगी। दोपहर 2. 30 बजे मंदिर जी में श्री पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजन, तत्पश्चात सायं 5 से 6 बजे तक स्वामीवात्सल्य लाभार्थी स्वर्गीय भंवरलाल जी फाफरिया की पुण्य स्मृति में पारसमल, विशालकुमार, मोहितकुमार फाफरिया परिवार की ओर से रखा गया है। पूजन हेमप्रभा महिला मंडल द्वारा पढ़ाई जाएगी। इस अवसर पर तीर्थ व्यवस्थापक समिति द्वारा लाभार्थी परिवार का बहूमान किया जावेगा।

### टिकोन धाम पर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा

**नलखेड़ा।** ग्राम टिकोन में स्थित प्रसिद्ध रामदेव धाम दरबार में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर बाबारी भक्तों द्वारा रामदेव धाम के सेवक गुरुजी शिवनारायणजी पाटीदार से सुख, समृद्धि व खुशहाली की मंगल कामना करते हुए उनकी चरण वंदना कर मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त किया जाएगा। ज्ञात रहे कि टिकोन में स्थित रामदेव धाम पर आने वाले भक्तों की हर मनोकामनाएं बाबा के आशीर्वाद से पूर्ण होती है, वहीं भक्तों के दुःख, संकट का निवारण भी बाबा द्वारा किया जाता है। इस स्थान पर प्रदेश सहित देश के अन्य स्थानों से भी बड़ी संख्या में बाबारी भक्त अपनी मनोकामना तथा दुःख संकट के निवारण के लिए पहुंचते हैं।



## विखं के 18 स्कूल के लगभग 500 विद्यार्थियों के भविष्य पर लटकी तलवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरकार द्वारा निजी स्कूलों की मान्यता व नवीनीकरण के नियमों में बदलाव के चलते विकासखंड के 18 निजी स्कूल की मान्यता के नवीनीकरण नहीं हो पाया है। जिसके चलते इन स्कूलों में पूर्व से आरटीई के तहत प्रवेशित लगभग 500 विद्यार्थियों के भविष्य पर तलवार लटक गई है।

सरकार द्वारा निजी स्कूलों की मान्यता अथवा नवीनीकरण के लिए बनाए गए नये नियमों के तहत अब सम्बंधित स्कूल की मान्यता के लिए रजिस्ट्री अथवा किरायानामा प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे में जो स्कूल उक्त दस्तावेज प्रस्तुत नही कर पाए उन्हें मान्यता नही मिल पाई है। नलखेड़ा विकासखंड में भी ऐसे 18 निजी स्कूल है जिनकी मान्यता नवीनीकरण नही हो पाई है।

जानकारी के अनुसार इन स्कूलों में इस शिक्षा सत्र के लिए आरटीई के तहत छात्रों को प्रवेश नहीं दिया गया है। लेकिन मान्यता नवीनीकरण नहीं होने से इन स्कूलों में पूर्व से आरटीई के तहत प्रवेशित छात्रों का क्या होगा अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है। ऐसे में विकासखंड के ये 18 स्कूल जो मान्यता नही मिलने से बंद हो जाएंगे इनमे आरटीई के तहत पूर्व से प्रवेशित लगभग 500 विद्यार्थियों के भविष्य पर तलवार लटक गई है। शिक्षा विभाग को तत्काल इन विद्यार्थियों का अध्ययन लगातार जारी रह सके इस संबंध में निर्णय किया जाना चाहिए।

### सांदीपेंद्र आश्रम पर गुरु पूर्णिमा पर गुरु पूजन व भंडारे का आयोजन होगा

**नलखेड़ा।** गुरुपूर्णिमा के अवसर पर मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पर गुरु पूजन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों द्वारा भाग लेकर गुरु पूजन किया जाएगा। 10 जुलाई को गुरुपूर्णिमा के अवसर पर मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पर भक्तों द्वारा स्वामी सांदीपेंद्र गिरि महाराज का गुरु पूजन किया जाएगा। गुरु पूजन का कार्यक्रम प्रातःकाल से देर शाम तक चलेगा जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों द्वारा भाग लेकर गुरु पूजन कर भंडारे का लाभ लिया जाएगा। वहीं इस दौरान कई भक्तो को संतश्री द्वारा गुरु दीक्षा भी प्रदान की जाएगी। पूर्णिमा पर मां बगलामुखी माता मंदिर के समीप स्थित आश्रम पर एक दिवसीय भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जहां बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा प्रसादी का लाभ लिया जाएगा।



## गुरु पूर्णिमा पर तारकेश्वर महादेव मंदिर पर होगा धार्मिक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

ग्राम ताखला में त्रिवेणी संगम तट पर मौजूद श्री तारकेश्वर महादेव मंदिर में पंडित ताराचन्द्र शास्त्री गुरूजी की निश्रा में गुरू पूर्णिमा का उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर में 10 जूलाई को प्रातः हवन शान्ति के साथ भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक किया जाएगा तथा प्रातः 10 से देर शाम तक गुरूपूजन व प्रसादी का कार्यक्रम होगा। आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहेंगे।

ताखला के इस महादेव मंदिर पर प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर एक दिवसीय मेले का आयोजन भी होता है। जिसमें हजारों की संख्या में नलखेड़ा, सुसनेर, सोयत, मोडी आदि स्थानों से भक्तों द्वारा भाग लेकर यहा पर स्थित त्रिवेणी संगम तट पर स्नान कर पूण्य लाभ लिया जाकर मेले का लूफ्त भी उठाते हुए खरीदारी की जाती है।

नगर के पंचमुखी हनुमान मंदिर, खेड़ापति हनुमान मंदिर, मां बगलामुखी मंदिर, गुदरावन स्थित बावड़ी वाले हनुमान मंदिर पर गुरूपूर्णिमा पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विशेष पूजा-अर्चना व महाआरती के आयोजन होंगे।

### गुरु पूर्णिमा के आयोजन में भाग लेने नलखेड़ा में हैं विराजित

# छोटा बनकर रहने में ही प्रसन्नता है : जिनचंद्र सूरि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

ध्यान में इतनी शक्ति होती कि वह हर समस्या में रहना सीख देती है। साधना का मार्ग, मैत्री का मार्ग, समता का मार्ग है। जो विश्व बंधुत्व की भावनाओं को लिए हुए है। सत्य साधना का मार्ग अनुभव से जानने का मार्ग है। जीवन सुंदर बनता है, भीतर की सुंदरता से। सत्य साधना की राह पर चलने से।

जिनचंद्र सूरि महाराज ने मंगलवार को उपस्थित भक्तों के समक्ष यहां बात कही। गुरुदेव ने कहा कि छोटा बनकर रहने में ही प्रसन्नता है। साधना हमें दूसरों की सेवा में रहना सिखाती है। सत्य साधना का मार्ग अनुभूति से जानने का मार्ग है। गुरुदेव ने कहा कि मुट्ठी बांधे आए थे, हाथ पसारे जाना है। इस धरा का इस धरा पर सब धरा रह जाएगा। बस साधन ही हमारे साथ रहने वाली है, साधना में जो अभी कष्ट आ रहे हैं हमारें परम कल्याण के लिए आ रहे हैं।

उन्होंने एक दृष्टांत द्वारा बताया कि जैसे गीली मिट्टी का गोला बनाकर कहीं पर भी फेंका जाए तो वह गोला चिपक जाता है, क्योंकि मिट्टी में पानी मिला हुआ है। ऐसे ही हममें कर्मों के बंधन मिले हुए होने के कारण हम सदा आशक्ति से घिरे हुए रहते हैं। या दुःखों से सदा घिरे हुए रहते हैं। सत्य साधना एक सकारात्मक रास्ता है और ध्यान से ही सभी कर्मों के बंधनों से छुटकारा मिल जाता है। जो कर्मों के बंधनों से छुटकारा प्राप्त करते चले जाते हैं वे दुःखों से भी छुटकारा प्राप्त करते चले जाते हैं।



गुरुदेव ने दादा गुरुदेव के स्वरूप का वर्णन करते हुए बताया कि देवता भी जिनके चरणों में दास की तरह रहते हैं, जिनके चरण कमल ऐसे हैं जैसे तालाब में कमल का फूल जो कीचड़ में रहते हुए भी निर्मल रहता है। संसार में रहते हुए भी जिन्होंने जगत के कल्याण का मार्ग हमें बताया है। एक हजार वर्ष पूर्व दादा गुरुदेव ने हमारे ऊपर जो उपकार किया उन्हें आज भी हम स्मरण कर उनके बताएं मार्ग, सत्य साधना के मार्ग पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी ज्ञान को रटने की बजाय उसे समझने पर बल देना चाहिए। क्योंकि रटा हुआ ज्ञान किसी काम का नहीं होता है। स्कूल कॉलेज में रटा हुआ ज्ञान तो मिलता है लेकिन उस ज्ञान से जीवन नहीं बनता है, जीवन नहीं बदलता है। इसीलिए डॉक्टर, वकील, नेता, अभिनेताओं का जीवन भी महान दुःखों में भरा हुआ होता है। कई बार तो वे सुसाइड भी कर लेते हैं। यदि डॉक्टर, वकील, नेता, अभिनेता सुखी होते तो वह सभी मिलकर इस धरती को स्वर्ग से भी सुंदर बना देते। जीवन सुंदर बनता है भीतर की सुंदरता से सत्य साधना की राह पर चलने से

#### बगलामुखी पहुंचकर किए दर्शन

जिनचंद्र सूरि महाराज ने मंगलवार को नगर में स्थित सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर माता का ध्यान भी किया गया। उन्होंने बताया कि माता का यहां मंदिर सिद्ध पीठ होने के साथ शक्तिपीठ के रूप में भी ख्याति प्राप्त है। गुरुदेव मां बगलामुखी मार्ग स्थित एमबीआर रिसोर्ट में रुकें हुए है। जहां आप श्री की पावन निश्रा में सत्य साधना का कार्यक्रम हो रहा है। 9 जुलाई रात्रि 7 बजे से सुप्रसिद्ध भजन गायक परम गुरु भक्त पिंटू स्वामी की भजन संध्या का कार्यक्रम भी रखा गया है। 10 जुलाई को प्रातः 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव का कार्यक्रम एमबीआर रिसोर्ट में जिनचंद्र सूरि महाराज एवं भावी श्री पूज्य यति अमृत सुंदरजी महाराज साहब, यति श्री सुमति सुंदरजी महाराज साहब, आर्या श्री समकित प्रभा श्रीजी महाराज साहब के दिव्य आनंद मय सानिध्य में संपन्न होगा।

**खबर संक्षेप**

### आषाढी एकादशी पर दिंडी का सफल आयोजन



**देवास।** देव शयनी ग्यारस यानी आषाढी एकादशी पर महाराष्ट्र समाज के द्वारा एक विशाल दिन्डी (शोभा यात्रा) निकाली गई। पुष्प सज्जित पालकी में भगवान विठ्ठल-रुकमाई की जोड़ी के सैकडों दर्शकों ने दर्शन लाभ ग्रहण किये। समाज से दिंडि म.गाँ. मार्ग, तहसील चौराहा, मीरा बावड़ी, विठ्ठल मन्दिर होते हुए वापस समाज में आई। तहसील चौराहा पर दिलीप सिंह जाधव व शनी मन्दिर पर दिन्डी का फूलों से स्वागत किया गया। दिन्डी में सैकडों समाज जन शामिल हुए। जयगुरु दत्त मंडल द्वारा रास्ते भर भजन कीर्तन प्रस्तुत किये। समाज से निकलने के पूर्व अध्यक्ष दीपक कर्पे और न्यास प्रबंधक सदाशिव जोशी ने गणेशजी और भगवान विठ्ठल की पालकी की आरती, पूजा की। दोपहर को इसी अवसर पर संगीता सुपेकर का समाज मन्दिर में सुश्रव्य कीर्तन कार्यक्रम हुआ। दिंडि कार्यक्रम का संयोजन शेखर धोडपकर ने किया। गिरीश कुलकर्णी, दिव्या गोटी,उज्वला व्यास, वृषाली आपटे, भूषण अत्रे, राजू सुपेकर, पद्माकर फड़निस,संकेत सुपेकर, अतुल बागलीकर, मंदार मुळे, अविनाश जोशी आदि का अच्छा सहयोग रहा। दिन्डी में अनिल बेलापुरकर (गुरुजी) और श्री रेणुका माता संस्थान इंदौर के संत प्रवीणनाथ महाराज की उपस्थिति विशिष्ट उल्लेखनीय रही।

### खरपतवार दवाई छिड़काव में जुटा किसान

**चापडा।** सोयाबीन फसल बोवनी के बाद अब किसान खेतों की खरपतवार नष्ट करने के लिए दवाई के छिड़काव में लगा हुआ है। हालांकि बोवनी के बाद से ही क्षेत्र में तेज बारिश नहीं हुई है, रिमझिम बारिश कुछ समय के लिए हुई है, लेकिन अब लगभग 20 दिनों की सोयाबीन फसल हो चुकी है, जिसमें अब किसान खरपतवार नष्ट दवाई का छिड़काव करने में जुटा हुआ है। खेतों में नमी न होने के कारण दवाई का छिड़काव नहीं हो पा रहा था, लेकिन रविवार देर रात्रि दरमियां हुई तेज बारिश के बाद अब किसान खेतों में नमी होने के बाद दवाई के छिड़काव में जूट गया है।

### जिपं सीईओ शर्मा ने जनपद पंचायत के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की

# बैठक में मनरेगा योजनान्तर्गत पूर्व वर्ष के जारी कार्यों को पूर्ण करने दिए निर्देश

### जनपद पंचायत देवास अंतर्गत ग्राम पंचायतों में किये जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवास ज्योति शर्मा ने सोमवार को जनपद पंचायत देवास अंतर्गत किये जा रहे विभागीय कार्यो एवं अन्य विभागों में संचालित योजनाओं की समीक्षा जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में की। इस दौरान बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत देवास एवं विभागीय योजनाओं के जिला एवं जनपद स्तरीय शाखा प्रभारी, सचिव/ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे। सीईओ शर्मा ने विभागीय समीक्षा बैठक में मनरेगा योजनान्तर्गत पूर्व वर्ष के प्रगतिरत कार्यों को समय-सीमा निर्धारित कर पूर्ण करने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत तृतीय किश्त प्राप्त आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायतों में विभिन्न मद, सांसद निधि, विधायक निधि, आंगनवाडी निर्माण, जिला एवं जनपद स्तरीय 15वां वित्त, सामुदायिक भवन आदि निर्माण कार्यो की समीक्षा कर आगामी 02 माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। शर्मा ने विभागीय समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायतों द्वारा पंचायत दर्पण पोर्टल पर समय-सीमा में जल कर, संपति कर एवं स्वच्छता कर की वसूली नियमानुसार करने के निर्देश दिए। पंचायत सशक्तिकरण के अन्तर्गत टैक्स सखी के साथ अनुबंध करने एवं आगामी 15 दिवस में सर्वे कर सम्पत्ति कर का निर्धारण करने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायतो में निवासरत परिवारों की ई केवायसी की कार्यवाही समय समय सीमा में संपादित करने के निर्देश दिये। पौधारोपण योजना ''एक बगिया मां के नाम योजना'' के बारे में पंचायतों को विस्तृत रूपरेखा से अवगत कराया गया। साथ ही निर्देश दिये गये कि जलगंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत स्वीकृत सभी कार्यों को आगामी एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण कर लेवें। आगामी मंगलवार को पुनः उपयन्त्रियों की समीक्षा के निर्देश दिये। भौतिक रूप से पूर्ण कार्य जो पोर्टल पर किसी तकनीकि कारण से पूर्ण दर्ज नहीं हो रहे हैं, उनके निराकरण के भी निर्देश दिये गये। साथ ही जिन ग्राम पंचायतों में लेबर बजट उपलब्धि जनपद पंचायत के औसत से कम है उन्हें चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि आगामी 01 सप्ताह में सुधार नहीं किया गया तो वेतन काटने की कार्यवाही की जायेगी। समीक्षा बैठक के बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शर्मा ने ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत सिंगावदा में बाल वाटिका एवं रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य, बांगर बैरागढ एवं टिगरिया सांचा में बाल वाटिका, ग्राम पंचायत रूपाखेड़ी में बाल वाटिका, मनरेगा अन्तर्गत नंदन फलोद्यान एवं तालाब गहरीकरण कार्य, लोहारपीपल्या में बाल वाटिका, वसुधा वन्दन, वृक्षारोपण आदि कार्यो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



## एयर गन लहराकर सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने सिखाया सबक

**ऑपरेशन सबक के तहत की कार्रवाई**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

औद्योगिक थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर एयर गन लहराते हुए वीडियो पोस्ट करने वाले तीन युवकों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने आदित्य पटेल (27), कपिल कुमावत (34) और चेतन शर्मा (21) को थाने बुलाया। तीनों कालानीबाग देवास के निवासी हैं।एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देश पर सोशल मीडिया सेल लगातार आपत्तिजनक पोस्ट और वीडियो पर नजर रख रही है। इस मामले में एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। टीआई शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने युवकों को समझाया कि सार्वजनिक स्थान पर एयर गन दिखाना और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर डालना उचित नहीं है। युवकों ने पुलिस की नसीहत मानते हुए माफी मांगी और वीडियो को डिलीट कर दिया। उन्होंने भविष्य में ऐसी गलती न करने का आश्वासन भी दिया। ये कार्रवाई ₹ऑपरेशन सबक₹ के तहत की गई। युवकों ने देवास की शंकरगढ़ पहाड़ी पर एयरगन के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। मामले को लेकर ग्रीन आर्मी के सदस्यों ने मंगलवार को जनसुनवाई में भी आवेदन देकर युवकों पर कार्रवाई की मांग की है।

## ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के महिलाओं को कराए निःशुल्क दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

बागली नगर से बड़ी संख्या में महिलाओं को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष विपिन शिवहरे मित्र मंडल एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे द्वारा निःशुल्क ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए गए। शिवहरे ने बताया कि प्रतिवर्ष नगर की महिलाओं को निःशुल्क बस एवं अन्य वाहनों के माध्यम से ओंकारेश्वर ले जाया जाता है, जहां पर स्नान के बाद ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जाते हैं। इस बार भी सोमवार के दिन लगभग 200 महिलाओं को निःशुल्क ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग यात्रा कराई गई। इस दौरान बागली के थाना चौराहे पर नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव, प्रतिनिधि कमल यादव सहित वरिष्ठ जनों ने स्वागत कर यात्रा के लिए बसों को रवाना किया। शिवहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि विपिन शिवहरे मित्र मंडल व महाशक्ति ग्रुप यात्रा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है।

## भारत माता की प्रतिमा का विधायक पवार ने किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



नगर पालिक निगम निधि एवं विधायक निधि से निर्मित विभिन्न विकास कार्यों सहित भारत माता की प्रतिमा का अनावरण एवं मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों का लोकार्पण देवास विधायक गायत्री राजे पवार के द्वारा महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापाति रवि जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खण्डेलवाल, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल एवं वार्ड पार्षदों के साथ किया गया। विधायक पवार द्वारा वार्ड 12 राजाराम नगर चौराहा पर 8 लाख की लागत से निर्मित भारत माता उद्यान का लोकार्पण एवं भारत माता की प्रतिमा का अनवारण पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष व वार्ड पार्षद राजेश यादव की उपस्थिति मे किया गया। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 13 मेंढ़की एवं वार्ड क्रमांक 16 रसूलपुर में 25-25 लाख कुल पचास लाख की लागत से वार्डवासियों को प्राथमिक चिकित्सीय सुविधाओं हेतु निर्मित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों का भी विधायक द्वारा वार्ड पार्षदों के साथ लोकार्पित किया गया। विधायक द्वारा इन क्लीनिकों में पदस्थ डॉ. एवं स्टॉफ सहित अन्य चिकित्सीय सुविधाओं की जानकारी लेकर यहां पर निरीक्षण भी किया गया। विकास कार्यो की अन्य कडी मे वार्ड 18 पटेल नगर की सघन बस्ती मे रहवासियों की आवागमन की सुविधाओं हेतु 14 लाख की लागत से निर्मित किए जाने वाले मार्ग पर सिमेंटीकरण कार्य का भूमि पूजन किया गया। साथ ही वार्ड 16 मे बिजना, राजीव नगर एवं संजय नगर के विभिन्न स्थानों पर 15 लाख की लागत से फेंसिंग एवं पेवर्स ब्लाक लगाने एवं वार्ड 41 मे माली धर्मशाला मे 15 लाख की लागत जिसमे 5 लाख विधायक निधी के शामिल हैं शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद व निगम लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, पार्षद राहूल दायमा, अजय तोमर, अंतिम अजय पडियार, पार्षद प्रतिनिधि संजय दायमा, गोपाल खत्री, निलेश वर्मा, संजय ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी मंडल अध्यक्ष सुरेश सिलोदिया, शुभम चौहान, मधु शर्मा, भाजपा नेता रामेश्वर दायमा, जितेन्द्र जायसवाल, राजेश ठक्कर, कैलाश दशोरे, जुझारसिह दरबार आदि सहित बडी संख्या मे वार्डवासी उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण समाज पूर्व अध्यक्ष के घर पर पत्थर फेंकने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




बीते रविवार ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष के घर पर कुछ शरारती तत्वों ने पत्थरबाजी की थी। मामले को लेकर सर्व समाज ने कोतवाली थाने में एडिशनल एसपी को ज्ञापन देकर मांग की थी कि जिन लोगों ने पत्थरबाजी की है उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

इस मामले को लेकर मंगलवार सुबह पुलिस ने 6 लोगों को खारी बावड़ी क्षेत्र गिरफ्तार किया। आरोपियों को घटना स्थल पर पुलिस मुआयना करने ले गई थी। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।जानकारी अनुसार रविवार सुबह ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष व शांति समिति के सदस्य संजय शुक्ला के घर के नीचे कुछ लोग दो पहिया वाहन से आए और उनके घर पर पत्थरबाजी कर फरार हो गए। इस घटना में संजय शुक्ला के घर की बालकनी के कांच फूट गए थे। रविवार सुबह घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस ने मंगलवार सुबह प्रकरण में 6 आरोपियों को खारी बावड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से दो बाइक भी पुलिस ने जब्त कर कार्रवाई की है। कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने बताया कि पत्थर बाजी करने का कारण सामने आया है कि दूसरे पक्ष की ओर से एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें कुछ अपशब्दों का उपयोग किया गया था। जिसके बाद आरोपियों के द्वारा पत्थर फेंकने की वारदात की गई। आरोपियों में असद पिता इदरीश उम्र 21 वर्ष निवासी मोहसिनपुरा, सोहेल पिता अली अकबर खान 23 वर्ष निवासी मोहसिनपुरा, अयान पिता हकीम उम्र 22 वर्ष निवासी मोहसिनपुरा, साहिल पिता इसाक खान निवासी मोहसिनपुरा, अल्पेश पिता असलम शेख निवासी मोहसिनपुरा, फैजल पिता सईद कुरैशी निवासी नुसरत नगर देवास के नाम शामिल हैं।

## हादसों को दे रहे न्यौताः दोवास-भोपाल टोल प्लाजा कंपनी ने रोड किनारे मूर्रम की जगह डाल दी मिट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा



देवास भोपाल फोरलेन टोल प्लाजा कंपनी द्वारा टोल टैक्स तो भरपूर वसूला जा रहा हैं ,लेकिन वाहन चालकों को सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं मिल पा रहा हैं। जहां टोल टैक्स पर टोल देने के बाद भी गाड़ियों को निकलने में काफी देर तक रुक कर इंतजार करना पड़ता है वही टोल के आसपास रात्रि को लाइट कम होने से अंधेरा भी रहता है। देवास भोपाल फोरलेन टोल प्लाजा टोल टैक्स कंपनी की रोड़ रिपेयरिंग की जवाबदारी रहती है ऐसे मे देवास से भोपाल तक टोल प्लाजा कंपनी रोड़ की देख रेख का कार्य करती है। इसी क्रम में टोल कंपनी द्वारा सोनकच्छ से लेकर देवास के बीच मे दोनों रोड के किनारे मूर्रम से भरवाने के बजाए मिट्टी से भर दिए गए, जो जरा सी ही बारिश होने पर दो पहिया चालकों के लिए परेशानी पैदा कर देते हैं। ऐसे मे दो पहिया चालक महिला सहित कई बार गिर चुके हैं और कीचड़ के कारण फिसलन से गंभीर हादसे का शिकार हो सकते हैं। कई बार घायल भी हो जाते हैं क्योंकि देवास भोपाल रोड पर तेज गति से चलने वाले बड़े फोर व्हीलर वाहनों के कारण टू व्हीलर चालकों को साइड से ही अपनी टू व्हीलर चलानी पड़ती है जहां थोड़ी सी भी बारिश होने के कारण रोड़ के दोनों साइड किचड हो जाता है जिससे बाइक चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में जब देवास भोपाल फोरलेन रखरखाव अधिकारी पीयूष सिंह से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उनके द्वारा कहा गया कि हमारे द्वारा मूर्रम ही डलवाया गया था लेकिन टोल टैक्स के आसपास बड़े बडे फोर व्हीलर वाहन लोग खड़े कर देते हैं इस कारण से यह साइट की रोड पट्टी खराब हो रही है। हमारे द्वारा कंपनी को ऊपर तक लिखित में शिकायत दी गई है। वही रही रोड के साइड पट्टी की बात तो दो-चार दिन का मौसम खुलते ही जल्द ही दोनों साइड पट्टियों में पक्की मूर्रम डलवा दी जाएगी।

### सौहार्द और सद्भावना के परचम लहराते हुए यौमे आशूरा संपन्न

# नगर और देश में अमन, चैन और कामयाबी की दुआएं की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली



इंसानियत और मानवता की हिफाजत के लिए यजीदी जुल्मीयत को अपनी शहादत से नेस्तनाबूद करने वाले हज़रत इमाम हुसैन की शहादत की याद में नूरी अंजुमन इस्लामिया कमेटी के द्वारा यौमे आशूरा नगर में रियासत कालीन परंपरा के अनुसार सौहार्द और सद्भावना के परचम लहराते हुए संपन्न हुआ। शनिवार को कत्ल की रात में ताजियों की जियारत तथा सबील का आयोजन रखा गया तथा राज परिवार के अभिनंदन की श्रृंखला में राजा राघवेन्द्र सिंह तथा युवराज अपूर्व विक्रम सिंह का आत्मीय अभिनंदन किया गया।

रविवार सुबह ताजियों का सबगस निकाला गया। दोपहर में इमाम अब्दुल वाहिद नूरी के द्वारा यौमे आशूरा की विशेष नमाज और दुआ पढाई गई तथा नगर व वतन में अमन-चैन और कामयाबी की दुआ की गई। शाम में सभी ताजीये और बड़े साहब को मुख्य बाजार में अखाड़ों के साथ ले जाया गया। नगर वासियों ने मन्नतें अदा कर जियारत की तथा चंपाबाग व्यायामशाला, इस्लामिया अखाड़ा व अली अखाड़े के पहलवानों ने करतब दिखाए। मुस्लिम समाज द्वारा सदर फिरोज खान के नेतृत्व में अखाड़ों के उस्ताद व खलीफा तथा नगर के प्रबुद्ध जनों का साफा पहनाकर अभिनन्दन राजा राघवेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर स्व. शंकर उस्ताद के नातिन आशीष कारपेंटर द्वारा राजा राघवेन्द्र सिंह सहित सभी वरिष्ठ जनों तथा नूरी अंजुमन इस्लामिया कमेटी के पदाधिकारियों और उस्तादों का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य बाजार से ताजीए जुलूस के रूप में राजमहल पहुंचे,जहां राजपरिवार द्वारा परंपरा अनुसार दुध का शरबत पिलाकर सभी का स्वागत किया गया तथा अखाड़ों के उस्तादों,सदर फिरोज खान तथा ताजियों के निर्माण कर्ताओं को नजराना पेश कर तथा साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। सरकारी ताजीये को राजा साहब तथा युवराज द्वारा कंधा देकर जुलूस को कर्बला की ओर विसर्जन हेतु विदा किया।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव, वरिष्ठ अभिभाषक राजेन्द्र इनाणी, प्रवीण चौधरी, सुर्य प्रकाश गुप्ता, मोतीलाल पटेल,महेश सोनी, राजेश बजाज, किशन गुर्जर, पार्षद पवन राठौर, अन्ना खटीक,मोहन मानधन्या,रजत बजाज,मिण्टू गुर्जर, अशोक वर्मा, दिलीप पडियार, राजू चौधरी, विजय सिंह खलीफा, कालू मामा, ईशान उपाध्याय,अजय सोनी, मुकेश गुप्ता,सीएमओ प्रमोद कुमार बरूआ, राजेन्द्र पाल सिंह सेंगर तथा मातृशक्ति शीला राठौर आदि प्रबुद्ध जन विशेष रूप से राजा राघवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उपस्थित रहे।संचालन शिक्षक वारिस अली ने किया। आभार नायब सदर इकबाल शाह ने माना।

## कलेक्टर सिंह ने दृष्टिबाधित दिव्यांग पवन को प्रदान की सुगम्य केन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सतवास निवासी दृष्टिबाधित दिव्यांग पवन चावरे को कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा सुगम्य केन प्रदान किया गया। यह सहायक उपकरण दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए गतिशीलता और दिशा-निर्धारण में सहायता प्रदान करता है। सुगम्य केन एक सामान्य सफेद छड़ी के साथ एक उन्नत सेंसर (केन सेंसर) से युक्त है, जो बाधाओं का पता लगाकर उपयोगकर्ता को कंपन या ध्वनि के माध्यम से चेतावनी देता है। यह सेंसर 1.5 से 3 मीटर की दूरी तक संकेत देता है। इस छड़ी को बटन के माध्यम से आसानी से ऑन-ऑफ किया जा सकता है और इसे फोल्ड करके सुविधाजनक रूप से रखा जा सकता है। यह छड़ी एक बार चार्ज करने पर 8 से 10 घंटे तक कार्य करती है। बैटरी 20% शेष रहने पर यह ध्वनि संकेत के माध्यम से चार्ज करने की सूचना देती है। इस पहल से दृष्टिबाधित व्यक्तियों के जीवन में स्वतंत्रता और सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

**खबर संक्षेप**

## झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले

**आष्टा।** आष्टा क्षेत्र में लंबे अंतराल के बाद शाम 4 बजे के बाद से एक बार फिर से झमाझम बारिश का दौरा शुरू हो गया है बारिश से सड़के तरबतर हो गई सबसे ज्यादा सोयाबीन फसलों में बारिश से काफी फायदा मिला है। बता दे की शुक्रवार शनिवार को बारिश नहीं हुई थी इधर किसान बोवनी कार्य में लगे हुए थे अब लगभग बोवनी का कार्य पूर्णता की ओर है सभी किसानों ने बोवनी कर दी है और अब किसानों को भी झमाझम और तेज बारिश का इंतजार है 2 दिन के अंतराल के बाद रविवार शाम से शाम 4 बजे बाद से बारिश शुरू हो गई जो की रात में भी जारी रही। तेज बारिश का सभी को इंतजार किसान कमल सिंह परमार, विक्रम सिंह मेवाडा ने बताया है कि आष्टा क्षेत्र में किसानों ने बोवनी कार्य लगभग पूरा कर दिया है अब सभी किसानों को तेज बारिश का इंतजार है और आज भी बारिश से सबसे ज्यादा फसलों को फायदा मिला है।

## डॉक्टर से अपॉइंटमेंट लेना हुआ आसान

**आष्टा।** अब आयुष्मान भारत निरामय मध्यप्रदेश हेल्पलाइन के माध्यम से सभी शासकीय एवं आयुष्मान पंजीकृत निजी अस्पतालों में डॉक्टर से परामर्श हेतु अपॉइंटमेंट लेना बेहद आसान हो गया है। मरीज इस टोल-फ्री हेल्पलाइन पर कॉल करके घर बैठे ही अपना अपायमेंट्स बुक कर सकते हैं। इससे समय की बचत होती है और अस्पताल में बेहतर एवं त्वरित उपचार संभव हो पाता है।यह सुविधा सभी आयु वर्ग और सभी सामाजिक पृष्ठभूमि के मरीजों के लिए पूरी तरह निःशुल्क है। केवल एक कॉल के माध्यम से न सिर्फ अपॉइंटमेंट लिया जा सकता है, बल्कि आभा आईडी और इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड भी बनवाए जा सकते हैं।

### रिमझिम बारिश के बीच ताजियों का निकला जुलूस, अखाड़ों के कलाकारों ने दिखाए करतब

# इमाम हुसैन की याद में मुस्लिम समाज ने मनाया 10 दिवसीय मोहर्रम का पर्व, अंतिम दिन निकाले ताजिए

मोहर्रम के पर्व पर नजर आई कोमी एकता, जगह-जगह मंच बनाकर जुलूस पर बरसाए फूल, अखाड़ों के उस्तादों का जगह-जगह हुआ सम्मान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुस्लिम समाज द्वारा सोमवार को इमाम हुसैन की शहादत की याद में विशाल जुलूस निकाला गया नगर पालिका ने गंज चौराहे पर मंच बनाकर कमेटियों के सदस्यों का साफा बांधकर स्वागत किया। जुलूस शहर के पुराना बस स्टैंड, सब्जी मंडी ,सिकंदर बाजार ,बड़ा बाजार ,गंज चौराहा ,बुधवारा, परदेसी पुरा ,पुराना भोपाल इंदौर मार्ग से निकला नगर पालिका के मंच से नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाडा, पार्षद रवि शर्मा, डॉक्टर सलीम, ओम नामदेव आदि ने मोहर्रम कमेटी के सदस्यों का साफा बांधकर स्वागत किया।



### अलीपुर में निकाला जुलूस

रविवार को शहर के अलीपुर में ताजियों का जुलूस निकाला गया जैसे ही अलीपुर चौराहे पर ताजियों का जुलूस पहुंचा तो बारिश शुरू हो गई रिमझिम बारिश में ही जुलूस निकाला और दोनों ही मंचों से स्वागत भी हुआ मीरपुरा से जुलूस शुरू हुआ जो की प्रमुख मार्गो से होता हुआ अलीपुर चौराहे पर पहुंचा जहां पर हिंदू उत्सव समिति, नगर पालिका के मंच से मोहर्रम कमेटी के सदस्यों का साफा बांध का स्वागत किया। बता दे की हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले 10 दिवसीय मोहर्रम पर्व के चलते रविवार को अलीपुर का ताजियों का जुलूस निकाला जो की अलीपुर चौराहे पर पहुंचा जिसमें बड़ी संख्या में ताजिए शामिल हुए पुलिस और प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे ताजियों का जुलूस देखने के लिए अलीपुर चौराहे पर बड़ी संख्या में समाजजन एकत्रित हुए थे ढोल तासो के साथ निकले ताजिए के जुलूस में बैंड बाजे वालों ने भी अपनी प्रस्तुति देते हुए कई कव्वालियां इमाम हुसैन की शान में पड़ी अखाड़े के कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। शहर में सोमवार को प्रमुख मार्गो से ताजियों का जुलूस निकलेगा।

### हिंदू उत्सव समिति ने किया स्वागत

हिंदु उत्सव समिति पार्वती नगर अलीपुर आष्टा द्वारा मोहर्रम जुलूस का स्वागत माता मंदिर जनपद चौराहा अलीपुर आष्टा पर किया गया। सभी मोहर्रम कमेटी अलीपुर के सदर नायब ,सदर एवं कमेटी सदस्यों का साफा बांधकर एवं सम्मान पट्टिका से हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष मनोहर लाल श्रीवास्तव, समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों मनोहर लाल पांडिया पुरणमल नायक, रमेश परमार धनरुपमल जैन, कमलेश जैन, घनश्याम जांगड़ा, डॉ राज कुमार मालवीय पार्षद कन्हैयालाल गहलोत, कोमल चंद जैन मनोहर लाल वर्मा, दिलीप सिंह वर्मा, शंकर लाल वर्मा जुगल चित्तौडा अर्जुन सिंह ठाकुर सरपंच बाबूलाल जमालिया कमलेश सांवरिया, कैलाश बंजारिया, ओम नामदेव, ज्ञान सिंह मेवाड़ा, लखन सिंह ठाकुर, अर्जुनसिंह ठाकुर, सुशील शर्मा, रवि पंडिया,मनोज जैन अशोक पांचाल गोपाल पांचाल द्वारा स्वागत किया गया।

### नगर पालिका के मंच से किया स्वागत

अलीपुर में निकले ताजियों के जुलूस का अलीपुर चौराहे पर सबसे पहले हिंदू उत्सव समिति के नेतृत्व में सभी का साफा बांधकर स्वागत किया उसके बाद नगर पालिका के मंच से नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ विनोद प्रजापति, पार्षद राजकुमार मालवीय, डॉ सलीम, रवि शर्मा, धनरूपमल जैन, कमलेश जैन, प्यारे पटेल, कोमल जैन, पवन पहलवान आदि की उपस्थिति में सभी का स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि समाज जन उपस्थित रहे।



## मोहर्रम के जुलूस के साथ रिटायर फौजी का भी निकाला जुलूस





हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

अहमदपुर में रविवार को मोहर्रम पर्व ताजियों के जुलूस के साथ मनाया। वहीं चमन अखाड़ा समिति द्वारा अहमदपुर में मातमी जुलूस निकाला गया। रविवार को एक अलग ही दृश्य उस वक्त देखने को मिला जब एक तरफ मोहर्रम का जुलूस तो दूसरी तरफ रिटायर फौजी की रैली दोनों एक ही जगह पर एकत्रित हो गए। पूरा नगर देशभक्ति में डूब गया। मोहर्रम अखाड़े के खिलाड़ियों ने फौजी की रैली का स्वागत सम्मान कर देश भक्ति गीतों पर माहौल से समा बांध दिया। मोहर्रम की 10 तारीख के दिन ताजिया और अखाड़ा का जुलूस निकाला गया। वहीं इसी दौरान, अहमदपुर में भारतीय थल सेना में 19 साल की सेवा पूरी कर रिटायर हुए सुरेंद्र पाल सिंह तोमर का उनके गृह ग्राम सुल्तानपुर पहुंचने पर स्वागत हुआ। रिटायर हुए सुरेंद्र पाल सिंह की रैली अहमदपुर अस्पताल चौराहा से ठाकुर समाज और ग्रामीणों ने डीजे के साथ रैली निकाली। रैली अहमदपुर से शुरू होकर 11 किलोमीटर दूर सुल्तानपुर गांव तक गई। रास्ते में अहमदपुर बनखेड़, चरनाल जोड़ और ग्राम चरनाल में व्यापारियों, समाजसेवियों और ग्रामीणों ने जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया। सुल्तानपुर पहुंचने पर गांव को फूलों से सजाया गया। सैकड़ों ग्रामीणों ने रिटायर्ड फौजी का स्वागत किया। सुरेंद्र पाल सिंह तोमर सुल्तानपुर के निवासी हैं, जब रिटायर फौजी का काफिला अहमदपुर से गुजरा तो मोहर्रम ताजिया का जुलूस के साथ चल रहे अखाड़े के खिलाड़ियों ने फौजी का सम्मान करते हुए जमकर देशभक्ति गीतों पर नृत्य किया। चमन आखाड़ा कमेटी की ओर से फौजी का पगड़ी बांधकर सम्मान किया। साथ ही मेंन रोड पर जब दोनों जुलूस एक जगह आ गए तब माहौल देशभक्ति का बन गया। मोहर्रम जुलूस में चल रहे चमन आखाड़ा समिति के खिलाड़ियों ने फौजी की रैली में शामिल होकर ढोल ताशा के साथ स्वागत किया।

# मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संस्था मॉडर्न पब्लिक हासे स्कूल में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर कक्षा 10वी और 12वीं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले छात्र-छात्राओं का पुष्प माला पहना कर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कक्षा-10वीं की छात्रा साक्षी पवार 93.2 प्रतिशत प्रथम स्थान, प्रिया परमार 92 प्रतिशत द्वितीय स्थान, साक्षी विश्वकर्मा 91 प्रतिशत तृतीय स्थान व कक्षा-12वीं की छात्रा सृष्टि अजनोदिया 91 प्रतिशत प्रथम स्थान, श्रीम भार्गव 89 प्रतिशत द्वितीय स्थान, नीलाक्षी सारसिया 86.2 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त कर शाला परिवार व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। शाला परिवार के मार्गदर्शक शंकर लाल परमार सर ने अपने उदबोधन में सभी छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया व सभी छात्र-छात्राओं को मोबाइल के उपयोग और दुरुपयोग के बारे में समझाया। संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्गदर्शक शंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर व समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवां, संदीप ठाकुर, अनीता परमार, निमर्ला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, नीता सक्सेना, इशा जैन, पायल ठाकुर, अवनि जैन, पूजा ठाकुर, सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पुरुष अहंकार छोड़ दे और नारी जिद छोड़ दे तो फिर जीवन स्वर्ग बन जाता है: कृष्णा मां



**आष्टा।** श्री ब्रह्मानंद जन सेवा संघ, कृष्णा धाम मालीपुरा आष्टा के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय श्री गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव के द्वितीय दिवस पर हजारों गुरु भक्तों ने अपने गुरु की अमृतवाणी का लाभ लिया। सत्संग में कृष्णा मां ने अपनी ओजस्वी वाणी में बताया कि पुरुष यदि अहंकार छोड़ दे और नारी जिद करना छोड़ दे तो फिर वैवाहिक जीवन स्वर्ग जैसा बन जाता है। आज जितने भी पारिवारिक क्लेश हो रहे हैं सब इसी कारण से हो रहे है। पति-पत्नी दोनों की नहीं बन रही है इस कारण परिवार टूटते जा रहे हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए आज संतों की बहुत आवश्यकता है क्योंकि संतो के सानिध्य से व्यक्ति में विवेक जागृत होता है और वह हर कार्य विवेक पूर्ण करता है। यदि जीवन में बड़ी से बड़ी समस्याएं या मुसीबत आ जाए तो घबराना नहीं चाहिए। समस्या से यह कह दो कि तेरे से बड़ा मेरा गुरु है मेरा भगवान है।

# ग्रामीणों ने विद्युत मंडल का घेराव कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले को कलेक्टर के नाम सैकड़ो की संख्या में नागरिकों ने पहुंच कर ज्ञापन सौंपा। और कार्रवाई करवाने की मांग की। श्यामपुर में श्री राम चौक से रैली का आयोजन किया गया। रैली में सैकड़ो की संख्या में महिला व नागरिक शामिल हुए। नारे लगाते हुए मध्य प्रदेश विद्युत मंडल वितरण कंपनी कार्यालय पहुंचकर एई लखन दुबे को ज्ञापन देकर मांग की गई है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के घर बिना सहमति के लगाए गए। जिनकी रफ्तार काफी अधिक है। मध्य प्रदेश विद्युत वितरणकंपनी श्यामपुर के द्वारा उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने के बाद बिजली के बिलों में 4 से 6 गुना बिजली के बिल बड़ा कर दिए जा रहे हैं। विद्युत उपभोक्ताओं का शिविर लगाकर पुराने नए स्मार्ट मीटर के फर्क लाभ हानि को समझाया जाए और उपभोक्ताओं से नए स्मार्ट मीटर का किसी भी प्रकार का कोई शुल्क वसूल ना किया जाए। जिन उपभोक्ताओं से विद्युत विभाग अधिक बिलों की वसूली कर चुका है उन उपभोक्ताओं को अधिक वसूली गई राशि आगामी बिलों में जोडी जाए, मेंटेनेंस के नाम पर की जा रही विद्युत कटौती को तुरंत बंद करे। ज्ञापन में दिए गए सभी बिंदुओं पर शीघ्र अति शीघ्र विचार कर निराकरण किया जाए उपरोक्त मांगे ना माननेकी स्थिति में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपभोक्ताओं के साथ मिलकर धरना आंदोलन करेगी।

# बजरंग कॉलोनी की सड़क बदहाल, लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के वार्ड-16 बजरंग कालोनी कन्नौद रोड से जुड़ी हुई है, लेकिन इस कालोनी आज ग्रामीण क्षेत्र से भी बदतर हो चुकी है। जरा सी बारिश के बाद कॉलोनी के अधिकांश रोड कीचड़ में तब्दील हो गए हैं। जबकि इस मार्ग से महिलाएं, पुरूष, बुजुर्ग यहां तक की स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी भी निकलते हैं। जो कई बार गिर पड़ते हैं, जिसके कारण उनकी ड्रेस खराब हो जाती है और वह चोटिल हो जाते हैं।

जागरूक नागरिकों ने समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों से लेकर जवाबदार अधिकारियों से की, लेकिन हल आज तक नहीं निकल सका है।यही मार्ग मंदिर और कॉलेज तक जाता हैबता दे की बजरंग कॉलोनी में मंदिर में जाने के लिए यही मार्ग कॉलोनीवासी इस्तेमाल करते हैं साथ ही कॉलेज भी पास में है और कॉलोनी के अलावा शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राएं भी इसी मार्ग से निकलते हैं कीचड़ होने के चलते आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठाना पड़ रही है। बजरंग कॉलोनी में सबसे बड़ी समस्या सड़कों पर कीचड़ की है।सरोठिया जी के मकान से लेकर गजराज सिंह के मकान तक सड़क के बहुत बुरे हाल हैं। समस्या इसलिए बढ़ रही है जहां रोड नहीं बना है वहीं नालियां भी वर्षो पुरानी हो चुकी हैं। कॉलोनी की नालियों की नियमित सफाई भी नहीं हो रही है। जिसके कारण जगह जगह पानी भर चुका है।

पानी की निकासी भी लगभग बंद सी हो चुकी है।वार्ड 16 के पार्षद रवि शर्मा ने कहा है कि वहां पर पाइपलाइन डाली गई है इसलिए सड़क खराब हो गई है फिलहाल सड़क की कीचड़ की सफाई कर दी गई है जल्द ही यह सड़क बनाई जाएगी। इस संबंध में नपा सीएमओ विनोद प्रजापति का कहना है कि अगर रोड पर कीचड़ या सफाई नहीं हो रही है तो करवाई जाएगी।

# निजी स्कूल की मनमानी से पालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज




निजी स्कूलों द्वारा अपनी मनमानी से पलकों से मनचाहे फीस ली जा रहे हैं। ग्राम के कुछ पलकों द्वारा बताया गया कि निजी स्कूलों में हमारे बालक को पढ़ाया जा रहा है। जिसमें वह अधिक रुपए ले रहे हैं। वहीं निजी स्कूलों द्वारा स्कूल के कोर्स कुछ दुकानों पर ही उपलब्ध कराए गए। जिसमें दुकानदार द्वारा अधिक रुपए में कोर्स दिया जा रहा है। जिससे वह स्कूलों की यूनिफॉर्म भी कुछ दुकानों पर ही उपलब्ध है। जिससे पलकों को अधिक रुपए में अपने बच्चों का कोर्स एवं यूनिफॉर्म खरीदना पड़ रहा है। दुकानदार मनचाहे रुपए में कोर्स और यूनिफॉर्म दे रहे हैं। निजी स्कूल अपनी मनमानी के चलते पलकों से अधिक रुपए लिए जा रहे हैं। दुकानदार अधिक राशि में संबंधित स्कूल की पुस्तक दे रहे हैं। वही जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे ना तो निजी स्कूलों पर किसी प्रकार की कार्रवाई की जा रही है। निजी स्कूलों में ग्राउंड हे न ही कोई व्यवस्था है।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर हुआ हरियाली महोत्सव

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने छात्रावास में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

भारतीय जनता पार्टी मंडल जावर द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। सर्व प्रथम उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन पर बाबूलाल पटेल मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ,जय सिंह ठाकुर, कृपाल सिंह एडवोकेट ने विचार व्यक्त रखे उसके पश्चात कन्या छात्रावास में वृक्षारोपण किया। जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, खुमान सिंह, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, जय सिंह ठाकुर ,राजेन्द्र केशव, कृपाल सिंह एडवोकेट, मनोज वेद ,तेज सिंह कप्तान, शिवम् सोनी, अजाप सेठ, कमल सिंह ,वीरेंद्र ठाकुर, मदन विश्वकर्मा, प्रेम सिंह महाकाल, राजेंद्र सेंधव ,तेज सिंह गुड्डू, धर्मेंद्र ठाकुर, फूल सिंह मालवीय, राजू भावसार ,कैलाश राठौर, महामंत्री राजा ठाकुर, धर्मेंद्र मालवीय, राजपाल सिंह, धर्मेंद्र, पिंटू, हरेंद्र विश्वकर्मा, दयाराम परिहार, धरम सिंह, अजय सिंह, हेमंत गोयल, संजू मालवीय, अभिषेक शर्मा, पवन



मालवीय कार्यक्रम का सफल संचालन शिवम् सोनी आभार महामंत्री राजा ठाकुर ने किया।

# मेहतवाड़ा में हो रहा भ्रष्टाचार: शैलेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



कांग्रेस नेता और समाजसेवी शैलेन्द्र सिंह पहलवान ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि ग्राम मेहतवाड़ा में लगातार हो रहे भ्रष्टाचार एवं ग्रामीण जनों के कार्यों की अवहेलना जैसे की कुंडिया के खेत वाले रास्ते पर मुरम नहीं डालना जिससे कि ग्रामीण जनों एवं खेत पर रह रहे किसानों एवं छात्रों को स्कूल आने-जाने में बहुत परेशानी हो रही है। कबीर खेड़ी का रोड जो की नदी को पार करके जाता है उसमें घुटनों तक कीचड़ हो गया है।

गांव की नालियां साफ नहीं हो रही है चाहे वहां कॉलोनी का नाला हो या लालपुर का नाला कीचड़ से लटपट है पटेलवार से मेलघाट तक का रोड कीचड़ से लटपट है सोनी मोहल्ले की हालत भी बहुत खराब है गरीब बस्ती खेड़ापुरा वाले रोड पर भी कीचड़ की भरमार है झीन वाले मोहल्ले में साफ सफाई बिल्कुल नहीं हो रही है बाजार हाट की स्थिति बहुत खराब है झबलिया वाला रोड इमली पुरा दईपुरा में भी हालत बहुत खराब है शीतला माता मंदिर वाली नाली कि साफ सफाई बिल्कुल नहीं हो रही है भाटीखेड़ा एवं बनखेडा में भी खेती के रास्ते की बड़ी समस्या है ऐसी अनेक समस्याएं हमारे ग्राम के लोगों को झेलनी पड़ रही है। जबकि हमारे ग्राम पंचायत मेंहतवाड़ा में पैसों की कोई कमी नहीं है फर्जी बिल लगाकर पैसे निकाले जा रहे हैं बाजार में नीलामी के पैसे जो कि लगभग हर साल 8 से 10 लख रुपए आते हैं उनका पता नहीं चलता ऐसे कई टैक्स पंचायत को प्राप्त होते हैं। जिसका दुरुपयोग किया जा रहा है बाजार की व्यवस्था बिल्कुल खराब हो गई है।

हमारी पंचायत सीहोर जिले की सबसे बड़ी पंचायत में आती है लेकिन लगता है अब भ्रष्टाचार में सबसे बड़ी हो गई है काम कुछ भी नहीं हो रहा है सरपंच जनपद उप सरपंच इस और ध्यान दें आपको लोगों ने जनता की सेवा के लिए चुना है यहां जनता है सब जानती है अगर जल्दी सुधार नहीं किया गया तो सभी ग्रामीण जन मिलकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

### जिला आपूर्ति अधिकारी सहित जेएसओ ब्यावरा रिकॉर्ड बताने में असमर्थ

# आपूर्ति विभाग का खेल! अकेले ब्यावरा ब्लॉक से 6.73 करोड़ का 1672 टन राशन गायब



## 122 राशन दुकानों में से 98 दुकानों का राशन हुआ मूव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

आपूर्ति विभाग द्वारा जिले सहित ब्यावरा ब्लॉक की राशन दुकानों के सत्यापन के नाम पर घोटाला सामने आया है। जिसमें आंगनबाड़ी से लेकर मिड-डे मील एवं गरीबों को दिए जाने वाले पीडीएस में कटौत्रा कर राशन दुकानों से राशन मूव किया गया है। अकेले ब्यावरा ब्लॉक की 122 दुकानों का हरिभूमी ने डाटा खंगाला जिसमें से 93 राशन दुकानें ऐसी निकली जिनका राशन आपूर्ति विभाग अधिकारियों द्वारा मूव किया गया है। इनमें 784 टन गेहूं , 846 टन चावल, 24 टन नमक,मोटा अनाज 5 टन, शकर 2 टन एवं मूंग 10 टन राशन को मूव कर गायब कर दिया गया है। गायब हुए बाजार मूल्य गेहूं 35 प्रति किलो, चावल 45 प्रति किलो चीनी 40 प्रति किलो मोटा अनाज 50 प्रति किलो नमक 20 प्रति किलो एवं मूंग 100 प्रति किलो से आंका जाए तो बाजार कीमत 6 करोड़ 73 लाख से ज्यादा होती है।

ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि आपूर्ति विभाग के जिम्मेदारों ने किस तरह शासन की योजनाओं को पलीता लगाकर अपना फायदा उठाया है। जहां ब्यावरा जेएसओ स्वाती वायकर मीडिया से बचती फिर रहीं है वहीं जिला अधिकारी भी ज्यादा कुछ बता पाने में अक्षम नजर आ रहे हैं। ज्यादा डाटा होने को बहाना बनाकर जिले भर की राशन दुकानों की सच्चाई छुपाने में लगे है परंतु हरिभूमि ने गरीबों के इस राशन घोटाले को एक मुहीम के तौर पर लिया है जिसमें ब्यावरा ब्लॉक के बाद राजगढ़ व जिले के अन्य ब्लॉक प्रकाशित किए जाएंगे। ब्यावरा ब्लॉक की सभी 93 दुकानों का डाटा दुकानदारों के नाम सहित हरिभूमि के पास उपलब्ध है।


ब्यावरा और सुठालिया की 3 दर्जन से अधिक दुकानों से राशन गायब, जेएसओ के पास जवाब नहीं

जिला आपूर्ति अधिकारी को पता ही नहीं कई टन गेहूं-चावल दुकानों से हुआ 'मूव'

एक नजर 6 राशन दुकानों पर जिनसे गायब हुआ राशन

### फैक्ट फाइल

| राशन | गायब (मूव) |
|---|---|
| गेहूं | 784 .28 टन |
| चावल | 845 .95 टन |
| नमक | 24 .02 टन |
| मोटा अनाज | 5 .13 टन |
| शकर | 2 .49 टन |
| मूंग | 0 .35 टन |

### जिला आपूर्ति ने नहीं बनाई सत्यापन के लिए कोई टीम

जिला आपूर्ति अधिकारी ने कहा कि राशन दुकानों के सत्यापन के लिए राजस्व, सहकारिता और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई है जो राशन दुकानों के स्टॉक का सत्यापन कर उनका स्टॉक देखेगी परंतु जनवरी से चल रही इस कार्रवाई की भनक 7 महीने बाद भी एसडीएम ब्यावरा गीतांजली शर्मा को नहीं है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आपूर्ति विभाग की जेएसओ स्वाती वायकर ने किस तरह नियमों को ताख पर रखकर अपने मनमाने ठंग से काम किया है। बाजार में दुकानदार और आपूर्ति विभाग की सांठगांठ की चर्चा भी आम हो चली है।

### राशन कम कराने शहर में दलाल सक्रिय, हरिभूमि जल्दी करेगा डी-कोड

ब्यावरा जेएसओ स्वाती वायकर जिनके पास राजगढ़ का चार्ज भी है उनकी मीडिया से दूरी एवं बिना राजस्व के गोलमोल कार्यशैली से यह बात तो जाहिर हो रही है कि दाल में कुछ काला है यहां तक की कई ऐसी बातें सामने आई है जिससे दुकानों का राशन कम करने के लिए ब्यावरा शहर में दलाल सक्रिय हैं जो जेएसओ और दुकानदार के बीच साठगांठ का पुल तैयार कर राशन कम करवाते है। हरिभूमि जल्दी ही ऐसे दलालों का नाम भी प्रकाशित करेगा जिससे राशन माफियाओं के सिंटीकेट को डीकोड किया जा सके।

### इनका कहना है...

आप ऑफिस में आइए डाटा बहुत सारा है, ऐसे में आपको नहीं बता पाऊंगा।

अजीत सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी राजगढ़

## जिले के कोटवारों ने मांगों को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

*15 अगस्त तक मांगें पूरी न होने पर निकालेंगे तिरंगा यात्रा*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की विभिन्न पंचायतों में बेहद कम मानदेय पर कार्यरत कोटवार सालों से लंबित अपनी मांगों को लेकर सोमवार को मुख्यालय पर एकत्रित हुए। यहां सभी ने अपनी मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार अनिल शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए कोटवारों को परमानेंट करने की मांग प्रमुखता के साथ उठाई गई। इसके साथ ही 2007 में हुई कोटवार पंचायत में की गई घोषणा अनुसार कोटवारों को पात्रता परीक्षण कर सेवा/मालगुजार भूमि स्वामित्व प्रदान करते हुए सेवा भूमि अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग रखी गई। इसके साथ ही कोटवारों की वर्दी की राशि पूर्व की भांति उनके बैंक खातों के माध्यम से भुगतान करने, कोटवार की सेवाकाल में मृत्यु होने पर 10 लाख रुपए की अनुगृह सहायता प्रदान करते हुए आश्रित को चतुर्थ श्रेणी पद पर अनुकंपा नियुक्ति देने, कोटवार को सेवा से पृथक करने का अधिकार तहसीलदार के स्थान पर कलेक्टर को देने, कोटवार के सेवामुक्त होने पर कोटवार के परिवार के सदस्य को कोटवार पद पर नियुक्ति सहित सभी कोटवारों को शासन की तरफ से बैलेंस के साथ सीयूजी सिम देने सहित अन्य मांगे रखी गई हैं।

### मांगें पूरी नहीं होने पर विरोध स्वरूप निकालेंगे तिरंगा यात्रा

सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि आगामी 15 अगस्त तक कोटवार संघ की सभी मांगों पर आदेश जारी करवाए जाएं। ऐसा न होने की स्थिति में प्रदेश के सभी 38 हजार कोटवार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सम्मुख व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सभी जिलों से तिरंगा यात्राएं निकालते हुए भोपाल पहुंचने के लिए बाध्य होंगे।

### रेलवे के अधिग्रहण में जा रहे हैं मकान व प्लॉट

## हेडगेवार कॉलोनी के बाशिंदों ने एसडीएम के सामने रखा अपना पक्ष

**राजगढ़।** क्षेत्र से होकर गुजरने वाली भोपाल-रामगंज मंडी रेलवे लाईन की जद में हेडगेवार कॉलोनी के 9 मकान सहित आधा दर्जन से अधिक प्लॉट आ रहे हैं। लेकिन, पूर्व के वर्षों में हुई प्रशासनिक त्रृटियों के चलते इन मकानों एवं प्लॉट मालिकों को अभी तक किसी तरह का कोई मुआवजा नहीं मिल पाया है।

ऐसे में प्रशासन की तरफ से मिले नोटिस उपरान्त सोमवार को रेलवे परियोजना से प्रभावित उक्त सभी मकान मालिक एवं प्लॉट स्वामित्वधारियों ने एसडीएम रत्नेश श्रीवास्तव से भेंट की। इसके साथ ही सभी प्रभावितों ने अपने-अपने मकानों की रजिस्ट्री, नामांतरण, नगर पालिका को हर वर्ष देय संपत्तिकर सहित अन्य सभी तरह के वैध दस्तावेज प्रशासन को उपलब्ध करवाए। एसडीएम श्री श्रीवास्तव ने सभी प्रभावितों की बात को धैर्य से सुनते हुए कहा कि चूंकि, यह मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है ऐसे में वहां से कोई निर्णय होने के उपरान्त ही मुआवजा वितरित किए जाने के संबंध में कार्यवाही आगे बढ़ाई जा सकेगी।



### *अनेकों वर्षों से कॉलोनी में निवासरत हैं रहवासी*

*उल्लेखनीय है कि रेलवे परियोजना से प्रभावित हो रहे उक्त सभी 9 मकानों व प्लॉटों के मालिक बीते 30-40 वर्षों से हेडगेवार कॉलोनी में निवासरत हैं। अब आने वाले समय में ही स्पष्ट हो जाएगा कि प्रभावितों के मकान बगैर मुआवजे के ही ढहाए जाएंगे या उन्हें न्याय मिल पाएगा।*

## मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर नेता व अफसरों ने किया मौका मुआयना



**नरसिंहगढ़।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 12 जुलाई को शहर में प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की तैयारियां जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सोमवार को मंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, विधायक मोहन शर्मा, कलेक्टर गिरीश मिश्रा, एसपी अमित तोलानी, सीईओ तेजस्वी सहित अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थलों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके नेता, अफसरों ने स्थल निरीक्षण कर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, यातायात संचालन और जनसभा की बैठने की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। वहीं स्थानीय विधायक ने भी जनपद सभाकक्ष में सरपंच, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की मीटिंग ली।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने मंच की व्यवस्था, वीआईपी आगंतुकों की बैठने की व्यवस्था, मीडिया के लिए अलग प्लेटफॉर्म और आमजन के लिए उचित इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बारिश की संभावनाओं को देखते हुए वैकल्पिक योजना तैयार करने को भी कहा गया। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती होगी, साथ ही ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। चिकित्सा सुविधा, पेयजल व्यवस्था, प्राथमिक उपचार केंद्र और अग्निशमन दल की भी व्यवस्था की जा रही है। नेताओं और अफसरों ने संयुक्त रूप से कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी तैयारियां निर्धारित समय पर पूरी कर ली जाएंगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कार्यक्रम सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हो।मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर आम लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों को उम्मीद है कि उनके जिले को मुख्यमंत्री से कोई बड़ी सौगात मिल सकती है।

## महज ढाई हजार के लेन-देन विवाद में चले लट्ठ-फर्सी, 7 लोग घायल

### घायलों में बच्चे, महिलाएं भी शामिल, 7 लोगों पर एससी, एसटी और अन्य धाराओं में एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

महज ढाई हजार रुपए की उधारी के विवाद में रविवार रात्रि ढंढ गांव के एक ही परिवार के लोगों ने दाताग्राम निवासी दलित परिवार पर लट्ठ, फर्सी व अन्य हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में बच्चों और दो महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गए। घटना के बाद एम्बुलेंस और पुलिस की मदद से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां सभी का इलाज जारी है। मामले में पुलिस ने ढंढ गांव के 7 लोगों पर अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### क्या है पूरा मामला

दाताग्राम निवासी नवीन पिता महेश कुमार जाटव ने तीन महीने पहले ढंढ गांव निवासी अमृतलाल सौंधिया से ढाई हजार रुपए उधार लिए थे। यह रुपए लौटाने को लेकर अमृतलाल और परिजनों ने नवीन को चार दिनों पहले अपने घर पर बंधक बना लिया लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया। नवीन को बंधक बनाए जाने संबंधी एक आवेदन उसके परिजनों द्वारा उसी दिन अजाक थाने में दिया गया था लेकिन उक्त आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

रविवार रात्रि धनवास जोड़ पर नवीन फिर से अमृतलाल सौंधिया को नजर आने पर वो उससे पैसे मांगने लगा और नवीन से मारपीट शुरू कर दी। उसी समय नवीन के चाचा महेश कुमार पिता मोहनलाल भी वहीं से गुजर रहे थे। अपने भतीजे नवीन के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब वे मौके पर पहुंचे तो अमृतलाल और उनके परिजनों ने लट्ठ और फर्सी से मारपीट शुरू कर दी। इस झगड़े और मारपीट की खबर नवीन के अन्य परिजनों मुन्नीबाई, ऊषाबाई, लोकेश, निशांत को मालूम हुई तो वे भी घटनास्थल पहुंचे जहां पहले से हथियारों मारपीट कर रहे लोगों ने इन सभी को भी जमकर पीटा जिसमें किसी के सिर में गंभीर चोंट आई तो किसी के



हाथ, पैर और कंधों में गंभीर चोंटे पहुंची।

### डॉयल 100 वाहन को दी गई सूचना

घटना के बाद डायल 100 वाहन एवं एम्बुलेंस को सूचना दी गई। जिसके बाद सभी घायलों को रात में ही उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

### इन पर दर्ज हुआ प्रकरण

मामले में महेश जाटव की रिपोर्ट पर राजगढ़ कोतवाली थाने में 7 आरोपियों पर एससी/एसटी सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। आरोपियों में अमृतलाल पिता पूरजी सौंधिया, मिथुन पिता अमृतलाल सौंधिया, कालू पिता पूरजी सौंधिया, धीरप पिता पूरजी सौंधिया, फूलसिंह पिता पूरजी सौंधिया, संतोषबाई पिता अमृतलाल सौंधिया सर्व निवासी ग्राम ढंढ एवं भगवान सिंह निवासी लालतलाई थाना कालीपीठ शामिल हैं।

## पत्थर से सिर कुचलकर हत्या करने वाले दोषी को दी उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

हत्या के एक आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। घटना 8 दिसंबर 2024 की है। गुलाबगंज में मृतक सूरज पारदी अपनी चाची ज्योति पारदी के साथ बैठा था। इसी दौरान नशे में धुत आरोपी बसंत सूर्यवंशी वहां आया। उसने सूरज से गाली-गलौच शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने पहले पत्थर से सूरज के सिर पर वार किया। फिर चाकू से उसके सीने पर हमला कर दिया। ज्योति के बीच-बचाव करने की कोशिश पर आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल सूरज को 108 एंबुलेंस से गुलाबगंज के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ज्योति पारदी की शिकायत पर थाना गुलाबगंज में हत्या का मामला दर्ज किया गया।

## कर्बला रवाना हुई आलम साहब की सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मोहर्रम की 10 तारीख को मुस्लिम समाज के लोग हजरत इमाम हुसैन की शहादत के रूप में मनाते हैं। जनरल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष चौधरी मुशाहिद अली ने बताया कि आलम साहब की सवारी अपने मुकाम से 5:30 बजे उठकर कर्बला के लिए रवाना हुई। शहर की तमाम सवारियां अपने-अपने समय अनुसार उठकर कर्बला नदी पर जाएंगीं। रात के ठीक 1:30 पर सभी ताजिए बेतवा स्थित कर्बला कुंड में विसर्जन के लिए जाएंगे।

इस अवसर पर मुस्लिम एवं सभी समाज के सभी गणमान्य लोग जुलूस में शामिल हुए। इस दौरान इमामबाड़ा कमेटी के अध्यक्ष शरीफउद्दीन चौधरी शादाव, चौधरी फरहत अली, जुबेर अहमद पासा, सोहेल अहमद बबलू, टीपू पठान, आरिफ मंसूरी मौजूद रहे। यह जानकारी ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बबलू ने दी।



### मंत्री पंवार ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

## डॉ. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना कर देश में राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत करने का काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

रविवार को ब्यावरा और सुठालिया कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक और प्रख्यात विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मंत्री पंवार ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि मैं श्रद्धेय डॉ. मुखर्जी के चरणों में नमन करता हूँ, वे एक ऐसे दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए किए गए उनके प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें विशेष जोर दिया। मंत्री पंवार ने यह भी उल्लेख किया कि डॉ. मुखर्जी ने भारतीय



जनसंघ की स्थापना कर देश में राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत करने का काम किया। उन्होंने शिक्षा, उद्योग और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में उनके विचारों और योगदान को भी रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में ब्यावरा मंडल और सुठालिया मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मंत्री पंवार ने जयंती के अवसर पर किया पौधारोपण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणास्पद अभियान 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' के अंतर्गत और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर ब्यावरा के वार्ड क्र. 06 और सुठालिया के बृजधाम के उद्यान में पौधरोपण किया और सभी से कहा कि यह अभियान केवल पर्यावरण संरक्षण नहीं, मातृत्व के प्रति संवेदना और सम्मान का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी से अपील है करते हुए कहा कि इस वर्षा ऋतु में कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।


## मजिस्ट्रेट गजल पाहवा ने दलबल के साथ की मजिस्ट्रेट वाहन चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर

जिले में आए दिन होने वाले सड़क हादसे में रोक लगाने के लिए बिना हेलमेट व सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों को दृष्टिगत रखते हुए थाना अवंतिपुर बड़ोदिया क्षेत्र अंतर्गत खाती खेड़ी जोड़ पर प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट गजल पाहवा द्वारा न्यायालय स्टाफ एवं थाना प्रभारी अवंतीपुर बडोदिया उपनिरीक्षक घनश्याम बैरागी, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मुनेश्वर राम भगत तथा पुलिस बल के साथ मंगलवार को मोबाइल कोर्ट लगाकर मजिस्ट्रेट वाहन चेकिंग की गई। जिसमें लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया तथा नियम विरुद्ध पाए जाने वाले वाहनों का



चालान भी बनाया गया, जिन मोटर साइकिल चालकों के पास हेलमेट नहीं थे उनको निशुल्क हेलमेट वितरण किया गया। वहीं समस्त यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाने वाले चालकों को चाकलेट वितरण की गई। वाहन चालकों द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट का पालन न करते हुए पाए जाने पर 27 चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए 13500 का



जुर्माना वसूल किया गया। चालानी कार्रवाई में थाना अवंतिपुर बड़ोदिया व तिलावद चौकी का समस्त पुलिस बल उपस्थित रहा।